**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**24.09.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सेवा जीवन के मुख्य उद्देश्य और स्वभाव में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीति में भी सेवा ही मार्गदर्शक सिद्धांत होना चाहिए, चाहे व्यक्ति किसी भी सर्वोच्च पद पर क्यों न पहुंच जाए। प्रधानमंत्री आज गुजरात के वडनगर से वाराणसी तक यात्रा कर रहे सेवा यात्रियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सेवा परमो धर्मः यानी सेवा ही सर्वोच्च कर्तव्य है और यही भावना देश की प्रगति की सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति बन सकती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम–किसान और पीएम सूर्य घर योजना जैसी अनेक योजनाओं की पहचान अंतिम छोर तक पहुंचने वाली सेवाओं के रूप में बनी है। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी विकसित भारत की निर्माता और उसकी प्रमुख लाभार्थी भी होगी।

इस दौरान सेवा यात्रियों ने प्रधानमंत्री के साथ अपने अनुभव साझा किए।

---

**हर्षवर्धन**

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि मेले व त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति के परिचायक हैं जिनका संरक्षण हम सभी की सामूहिक ज़िम्मेदारी है। सिरमौर ज़िला के सराहां में आयोजित तीन दिवसीय राज्यस्तरीय वामन द्वादशी मेले की प्रथम सांस्कृतिक संध्या को संबोधित करते हुए कल उन्होंने ये बात कही। हर्षवर्धन चौहान ने ये भी कहा कि ज़िले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण–4 के तहत 85 करोड़ रूपये की लागत से 11 सड़क परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में 2 सड़कों के निर्माण कार्य की निविदा प्रकिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही इनका कार्य शुरू किया जाएगा। उद्योग मंत्री ने बताया कि पच्छाद क्षेत्र में नाबार्ड द्वारा गिरी नदी पर चब्योगा के पास 14 करोड़ रूपये की राशि से पुल का निर्माण भी किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का भी अवलोकन किया।

---

**भाजपा प्रदर्शन**

भाजपा युवा किसान व महिला मोर्चा ने आज शिमला में राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस अवसर पर शिमला ज़िला भाजपा अध्यक्ष केशव चौहान ने कहा कि राज्य सरकार की नाकामियों के कारण शिमला शहर में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है जिससे लोगों को मुश्किलों का

सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार सड़क, ट्रैफिक, पानी, पार्किंग और रोज़गार के मुद्दे पर पूरी तरह विफल साबित हुई है।

-----------------------------------------------------------------------

**कम्प्यूटर वैन**

सिरमौर ज़िला के दूरदराज इलाकों में पढ़ने वाले स्कूली बच्चों को अब डिजिटल एजुकेशन और कम्प्यूटर तकनीक की जानकारी मोबाइल कम्प्यूटर वैन के ज़रिए मिलेगी। विधायक अजय सोलंकी ने नाहन में मोबाइल कम्प्यूटर वैन को हरी झण्डी दिखाने के अवसर पर कहा कि इसके माध्यम से पहली से बारहवीं कक्षा तक के बच्चों को कम्प्यूटर एजुकेशन सहित ए.आई. के इस्तेमाल के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले चरण में क्षेत्र के दूरदराज़ व ग्रामीण इलाकों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में ये पहल की गई है।

-----------------------------------------------------------------------